**सं.डीएसआईआर/एमएस/2025/05**
**भारत सरकार**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग**

**(भाग-I अवर्गीकृत)**

**मई 2025 की प्रमुख उपलब्धियां**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**

**विकसित नवीन उत्पाद/प्रक्रियाएं/प्रौद्योगिकियां**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
    - मड ब्लॉक बनाने की मशीन के लिए प्रौद्योगिकी विकसित की गई ।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
    - फोकसिंग एप्लीकेशन्स के लिए प्रयुक्त सिलिकॉन ट्यूब पर नैनोमेट्रिक सर्फेस फिनिश हेतु प्रक्रिया विकसित की गई ।
    - लैक कलर इंडेक्स एनालाइज़र (लैकीलाइज़र) के लिए प्रौद्योगिकी विकसित की गई ।
    - नवजात शिशुओं में नाभि शिरा मार्ग के माध्यम से विनिमय आधान करने के लिए पूर्णतः स्वचालित उपकरण विकसित किया गया ।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - पी. कुरोआ में सेलुलर बायोमास उत्पादन के लिए कैम्बियल कोशिका के पृथक्करण की प्रक्रिया विकसित की गई ।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - ज़ाइलीन समृद्ध एरोमेटिक्स के उत्पादन के लिए $CO_2$ के उपयोग हेतु उत्प्रेरक प्रक्रिया विकसित की गई।
    - पाइनकोन व्युत्पन्न बायोचार पॉलीलैक्टिक एसिड कंपोजिट विकसित किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
    - 5kHz से 120kHz आवृत्ति रेंज में चुंबकीय क्षेत्र डिटेक्टर विकसित किया गया जिसकी सेंस्टिविटी 0.1 माइक्रोटेस्ला है।

- **लाइसेंसीकृत/हस्तांतरित प्रौद्योगिकियाँ**
    - **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
        - **निम्नांकित के लिए प्रौद्योगिकी विकसित की गई :**
            - दिनांक 13/05/2025 को निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट से टाइलें/ईंट आदि मेसर्स पेंटेरियर प्रोटेक्टिव सिस्टम्स एलएलपी, मुंबई के लिए।
            - दिनांक 13/05/2025 को स्टील और जीआई डक्ट अनुप्रयोगों के लिए अग्निरोधी इंट्यूमेसेंट कोटिंग मेसर्स स्टैनवैक केमिकल इंडिया लिमिटेड, गुड़गांव के लिए ।
    - **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
        - निम्नांकित के लिए प्रौद्योगिकी विकसित की गई :
            - खजूर सिरप सांद्रता मेसर्स एलीफेंट डेट्स कॉर्पोरेशन, विजयवाड़ा को हस्तांतरित की गई ।
            - ऊर्जा खाद्य: नवीन फार्मूलेशन (i) मेसर्स महालक्ष्मी माल्ट प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, पलवल, (ii) मेसर्स द बीजापुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव होलसेल स्टोर्स, विजयपुरा और (iii) मेसर्स प्रकृति प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, सागर, कर्नाटक को हस्तांतरित किया गया ।
    - **सीएसआईआर-सीआरआरआई**

- दिनांक 22/05/2025 को लचीले फुटपाथ के लिए सीमेंट ग्राउटेड बिटुमिनस मिक्स (सीजीबीएम) में उपयोग हेतु सीमेंटिटियस ग्राउट के लिए प्रौद्योगिकी" मेसर्स सोमानी इकोबिल्ड प्रोडक्ट्स एलएलपी, अजमेर को हस्तांतरित की गई ।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - निम्नांकित के लिए प्रक्रियाएं विकसित की गई:
        - कार्बोमर 980 प्रक्रिया को रेल्को फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद को हस्तांतरित किया गया ।
        - अरंडी के तेल में अम्ल मूल्य में कमी की प्रक्रिया को हैदराबाद स्थित रामचरण ऑयल इंडस्ट्रीज को हस्तांतरित किया गया ।
- **सीएसआईआर-आईएमएमटी**
    - एमएक्सीन के लिए प्रौद्योगिकी रेसरप्रो लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, भुवनेश्वर को हस्तांतरित की गई ।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
    - निम्नांकित के लिए प्रौद्योगिकियां विकसित की गई :
        - दिनांक 16/05/2025 को हर्बल नैनो सीरम और माइक्रोबियल बायोफर्टिलाइजर को मेसर्स अश्विनी होमियो एंड आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद को हस्तांतरित किया गया ।
        - दिनांक 16/05/2025 को हर्बल डिसइन्फेक्टेंट और फ्लोर क्लीनर (फ्लोरमॉप) को मेसर्स ग्लुबेरी प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम को हस्तांतरित किया गया ।
        - दिनांक 16/05/2025 को फ्लोरिगार्ड को मेसर्स प्रिसिजन एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, पुणे को हस्तांतरित किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - निम्नांकित के लिए प्रौद्योगिकियां विकसित की गई :
        - दिनांक 13/05/2025 को मच्छर प्रतिकर्षी सजावटी हर्बल मोमबत्तियाँ मेसर्स सैंसिस एंटरप्राइजेज, डिब्रूगढ़, असम को हस्तांतरित की गईं ।
        - दिनांक 13/05/2025 को कार्बन क्वांटम डॉट्स को मेसर्स सौभाग्य बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड (एसबीपीएल), हैदराबाद को हस्तांतरित किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - निम्नांकित के लिए प्रौद्योगिकियां विकसित की गई :
        - कटहल, फ्रूट रोल अप, इंस्टेंट मिलेट उत्पाद, कच्चे केले के ग्रिट्स और पाम नीरा सिरप से मूल्यवर्धित उत्पाद कुदुम्बश्री राज्य मिशन, तिरुवनंतपुरम को हस्तांतरित किए गए ।
        - जैविक कचरे से एरोबिक खाद बनाने में तेजी लाने के लिए जैवम, श्री प्रभाकरन टीके, मेसर्स इनोवेटिव एनर्जी सिस्टम्स, त्रिशूर और एग्रीपॉइंट जी3 टेक्नोलॉजीज, प्राइवेट लिमिटेड, चेरतला, अलपुझा को हस्तांतरित किए गए ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
    - दिनांक 26/05/2025 को नॉइज़ मॉनिटरिंग के लिए स्मार्ट नॉइज़ ट्रैकर और नॉइज़ नियंत्रण के लिए ई-साउंड लिमिटर की प्रौद्योगिकी मेसर्स डिस्ट्रॉनिक्स, कोलकाता को हस्तांतरित की गई ।

**शुरू की गई नई परियोजनाओं की संख्या (01/05/25-31/05/25)**

| प्रयोगशाला/संस्थान | सीएसआईआर | मंत्रालय/सरकार/पीएसयू | उद्योग/प्रायोजित/ निजी |
|---|---|---|---|
| सीएसआईआर- एएमपीआरआई | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीबीआरआई | शून्य | 08 | 11 |
| सीएसआईआर- सीडीआरआई | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर- सीईसीआरआई | 02 | शून्य | 03 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सीएसआईआर-सीआईएमएफआर | शून्य | 15 | 33 |
| सीएसआईआर-सीएलआरआई | शून्य | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-सीआरआरआई | शून्य | 07 | 04 |
| सीएसआईआर- सीएसआईओ | 10 | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर- आईजीआईबी | 02 | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर-आईआईटीआर | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर- आईएचबीटी | 02 | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | 01 | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | 02 | 02 | 01 |
| सीएसआईआर-आईआईपी | शून्य | 02 | 05 |
| सीएसआईआर-आईएमएमटी | शून्य | शून्य | 02 |
| सीएसआईआर-इमटैक | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-एनएएल | 06 | 01 | 01 |
| सीएसआईआर-एनईईआरआई | शून्य | 02 | 05 |
| सीएसआईआर- एनआईआईएसटी | शून्य | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-एनपीएल | शून्य | 01 | 01 |
| सीएसआईआर-एसईआरसी | शून्य | 01 | 02 |

**पीएचडी में प्रवेश लेने/पूरा करने वाले स्कॉलरों की संख्या (01/05/25-31/05/25)**

| **प्रयोगशाला/संस्थान** | **पूर्ण हुए** |
|---|---|
| सीएसआईआर-एएमपीआरआई | 04 |
| सीएसआईआर-सीबीआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | 02 |
| सीएसआईआर-सीईसीआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-सीएफटीआरआई | 06 |
| सीएसआईआर-सीजीसीआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-सीमैप | 04 |
| सीएसआईआर-सीआईएमएफआर | 01 |
| सीएसआईआर-सीएसआईओ | 02 |
| सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई | 04 |
| सीएसआईआर-आईजीआईबी | 06 |
| सीएसआईआर-आईएचबीटी | 05 |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | 05 |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | 04 |
| सीएसआईआर-आईआईटीआर | 02 |

| | |
|---|---|
| सीएसआईआर-इमटैक | 01 |
| सीएसआईआर-एनबीआरआई | 03 |
| सीएसआईआर-एनईईआरआई | 02 |
| सीएसआईआर-एनईआईएसटी | 01 |
| सीएसआईआर-एनजीआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | 03 |
| सीएसआईआर-एनआईओ | 01 |
| सीएसआईओ-एनपीएल | 09 |

**राष्ट्रीय सहयोग/समझौते/समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - दिनांक 08/05/2025 को महिला प्रजनन क्षमता के लिए पुत्रंजीवा बीज के प्रीक्लिनिकल विकास और वैज्ञानिक सत्यापन के लिए डीबीटी, नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
  - समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
    - दिनांक 09/05/2025 को स्टेम सेल विज्ञान और पुनर्योजी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु संस्थागत संपर्क को बढ़ावा देगा।
    - इनहबपेज प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 08/05/2025 को संस्थागत संपर्क को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर- सीईसीआरआई**
  - स्वायत्त जल-अंतर्जलीय वाहन (एयूवी) में अनुप्रयोग के लिए एलटी-पीईएम ईंधन सेल प्रौद्योगिकी की तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड, मुंबई के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
    - दिनांक 22/05/2025 को शैक्षणिक और तकनीकी सहयोग के लिए आईटीसी लिमिटेड, बेंगलुरु द्वारा।
    - वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग के लिए दिनांक 29/05/2025 को श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च, बेंगलुरु के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - दिनांक 17/05/2025 को सहकारी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वाराणसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
  - दिनांक 13/05/2025 को सोरिया-सीआईएम बनाने के लिए मेसर्स ड्यूड्रॉप्स वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
  - दिनांक 13/05/2025 को सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना, बिहार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - कोयला और बायोमास के लिए भारतीय निर्देशक द्रव्य (भारतीय संदर्भ सामग्री) के विकास के लिए दिनांक 26/05/2025 को सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
    - रामनाथपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, चेन्नई को दिनांक 13/05/2025 को अनुकूलित चिकित्सीय जूते के विकास और मधुमेह पैर अल्सर जोखिम के वर्गीकरण के लिए डेटा संग्रह के लिए।
    - डीबीटी, नई दिल्ली को रोग का पता लगाने और निदान के लिए नैदानिक डेटा भंडार और विश्लेषण मंच के विकास के लिए दिनांक 08/05/2025 को अनुबंध सौंपा गया है।

    - वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर-इंडिया, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 01/05/2025 को तिरुप्पुर टेक्सटाइल क्लस्टर में स्वच्छ प्रौद्योगिकी अनुबंधों के तहत टेक्सटाइल इकाइयों के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने हेतु ।
    - दिनांक 30/04/2025 को राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 3 डी मुद्रित ओलियोजेल स्कैफोल्ड में गार्सिनिया इंडिका की चिकित्सीय क्षमता की खोज के लिए जले हुए घाव को शीघ्र भरने हेतु एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - दिनांक 29/05/2025 को विशेषज्ञता और संसाधनों के आदान-प्रदान की सुविधा के लिए गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - 29/05/2025 को शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसएनआईओई), दिल्ली एनसीआर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
  - समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
    - राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआईएसएम), नई दिल्ली द्वारा दिनांक 15/05/2025 को आयोजित किया गया ।
    - दिनांक 23/05/2025 को नाइपर, अहमदाबाद के साथ ।
    - दिनांक 23/05/2025 को एनआईईएलआईटी, रोपड़ के साथ ।
    - दिनांक 23/05/2025 को जेके डिजिटल एंड एडवांस्ड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के साथ ।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
    - बॉक्स एंड पॉट्स प्राइवेट लिमिटेड, कांगड़ा के साथ दिनांक 15/05/2025 को फूलों की खेती में संयुक्त सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
    - एससीवीबी राजकीय डिग्री कॉलेज, पालमपुर को संस्थागत सहयोग के लिए दिनांक 16/05/2025 को अनुबंधित किया गया ।
    - विजया वेलनेस एंड बायोसाइंसेज एलएलपी, नई दिल्ली के साथ दिनांक 24/05/2025 को अनुसंधान सहयोग और परामर्श गतिविधियों हेतु ।
    - दिनांक 24/05/2025 को निफ्ट परिसर, कांगड़ा में कपड़ा फाइबर, प्राकृतिक रंग और रंजक के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य ।
    - आईसीएमआर क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, गोरखपुर में अनुसंधान एवं शैक्षणिक सहयोग के लिए दिनांक 26/05/2025 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
  - इनके साथ हस्ताक्षरित समझौते
    - फैटी लीवर और अन्य संबंधित विकारों से निपटने के लिए फाइकोबिलिप्रोटीन और व्युत्पन्न फॉर्मूलेशन के वाणिज्यिक विनिर्माण के लिए दिनांक 15/05/2025 को व्योम बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर को अनुबंधित किया गया है ।
    - दिनांक 15/05/2025 को धर्म किसान विकास समिति, गांव, खल्ल नडाल सलूणी जिला, चम्बा (हि.प्र.) के साथ अगरबत्ती बनाने के लिए ।
    - दिनांक 15/05/2025 को मेसर्स साशांका एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड, रांची को जरबेरा की कृषि-प्रौद्योगिकी और गुणन एवं खेती के लिए नए जरबेरा चयन हेतु ।
    - दिनांक 24/05/2025 को कोमल इनोवेशन एंड वेलनेस इनिशिएटिव्स, नगरोटा (हि.प्र.) के साथ ड्राई फ्लावर तकनीक का उपयोग करके कलाकृतियां बनाने हेतु ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
    - दिनांक 07/05/2025 को अनुसंधान सहयोग के लिए एनआईटी वारंगल के साथ ।
    - सहयोगात्मक अनुसंधान, शैक्षिक संपर्क और प्रशिक्षण के उद्देश्य से एनआईपीईआर हैदराबाद के साथ ।

- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
        - उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र, नोएडा और गेल इंडिया लिमिटेड नोएडा हाइड्रोजन भंडारण अनुप्रयोग हेतु हल्के वजन वाले नए बहुघटकीय उच्च एन्ट्रॉपी मिश्र धातु के लिए
        - भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नोएडा द्वारा बीपीसीएल की व्यवहार्यता अध्ययन के लिए अनुसंधान एवं प्रयोगों पर चर्चा की गई ।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
    - दिनांक 29/05/2025 को आईएसटीआरएसी, इसरो, बेंगलुरु के साथ क्लाउड रडार हेतु 4.2 मीटर ग्राउंड बेस्ड रेडोम के स्वदेशी डिजाइन और विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
    - दिनांक 16.05.2025 को भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (बीएसआई), कोलकाता के साथ पादप प्रणाली विज्ञान/वर्गीकरण, जैव विविधता संरक्षण आदि पर सहयोगात्मक कार्य के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-नीरी**
    - सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, नागपुर (सीआईआईएमएस) के साथ समझौता ज्ञापन ।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
        - दिनांक 13/05/2025 को असम कृषि वानिकी विकास बोर्ड (एएडीबी), गुवाहाटी, असम में अगरवुड क्षेत्र के सतत विकास पर सहयोग करेगा ।
        - पूर्वोत्तर लघु उद्योग संघ (एनईएसएसआईए), असम द्वारा उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 13/05/2025 को बैठक की जाएगी ।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - क्षेत्रीय कैंसर केंद्र (आरसीसी), तिरुवनंतपुरम के साथ चल रही वैश्विक कैंसर निदान परियोजना 'रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा रक्त के नमूनों से कैंसर का पता लगाना: एक अत्याधुनिक निदान तकनीक का सत्यापन' के लिए नैदानिक सहयोग हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
    - समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
        - दिनांक 26/05/2025 को मेसर्स डिस्ट्रॉनिक्स, कोलकाता के लाभ शोर निगरानी के लिए स्मार्ट शोर ट्रैकर और शोर नियंत्रण के लिए ई-साउंड लिमिटर हेतु ।
        - श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, त्रिवेंद्रम के साथ बीएनडी उत्पादन के लिए ।
        - राष्ट्रीय सीमेंट और निर्माण सामग्री परिषद के साथ सीमेंट और निर्माण सामग्री के बीएनडी के लिए ।
        - सीएसआईआर-केन्द्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर) के साथ कोयला और बायोमास बीएनडी उत्पादन के लिए ।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
    - शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी के साथ दिनांक 26/05/2025 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।

**पेटेंट अद्यतन**

| **दायर पेटेंट** | | | **स्वीकृत पेटेंट** | | | **पेटेंट अभियोजन** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* (अद्वितीय पेटेंट आवेदन) | विदेश (कई देश) * | भारत | विदेश* (अद्वितीय पेटेंट आवेदन) | विदेश (एकाधिक देश) * | भारत | विदेश* |
| 23 | 14 | 23 | 02 | 06 | 06 | 04 | 140 |
| दायर कॉपीराइट आवेदनों की संख्या | | | | | 13 | | |
| दायर किए गए डिज़ाइन आवेदनों की संख्या | | | | | 03 | | |

| | |
|---|---|
| दायर ट्रेडमार्क आवेदनों की संख्या | 03 |

* मई 2025 के दौरान आईपीयू को रिपोर्ट किया गया डेटा और बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान बदल सकता है। अद्वितीय दायर/अनुदानित पेटेंट अगले महों में भी दिखाई दे सकता है यदि संबंधित महों में इसके अनुरूप आवेदन दायर/अनुदानित किया गया हो ।

**उच्च प्रभाव वाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाएँ**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - 206 नमूनों वाले 195 परिवारों के लिए आणविक नैदानिक सेवाएँ प्रदान कीं ।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - मई 2025 के दौरान एक एमएसएमई को विश्लेषणात्मक सेवाएँ प्रदान कीं ।
  - अनुसंधान उद्देश्यों के लिए बाहरी अनुसंधान संगठनों को 494 प्रायोगिक जानवरों की आपूर्ति की।
  - आईआर (इन्फ्रारेड), मास, एनएमआर (न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस) और ईएम (इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) द्वारा नमूने के विश्लेषण के लिए सेवा प्रदान की; 709 बाह्य नमूनों का विश्लेषण किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - वेदांता लिमिटेड, काकीनाडा, आंध्र प्रदेश के लिए एल्यूमिना स्टोरेज साइल्स (03) और निष्कर्षण प्रणाली के लिए भूमिगत सुरंग की स्थिति का आकलन किया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड के लिए महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के पास स्थित 7.5 एमटीपीए की आगामी एकीकृत इस्पात संयंत्र क्षमता के लिए यातायात अध्ययन ।
  - जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के लिए सावित्री जिंदल एयरस्ट्रिप, अंगुल, ओडिशा के लिए फुटपाथ परीक्षण और एसीएन/पीसीएन मूल्यों का निर्धारण ।
  - ईडन इनोवेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए अवसंरचना निर्माण के लिए सीमेंट कंक्रीट में ईडनक्रेट सीएनटी मिश्रण का निष्पादकता मूल्यांकन ।
  - एनएचएआई के लिए ईपीसी मोड पर उत्तर प्रदेश में एनएच-24 के डासना-मेरठ किमी 27+740 से एनएच-58 के किमी 51+975 (डिजाइन चेनेज 28+000 से 59+777) तक दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे की संरचना के बियरिंग्स का थर्ड पार्टी द्वारा निरीक्षण ।
  - पीडब्ल्यूडी, गोवा के लिए संकट के कारणों का पता लगाने के लिए सड़कों का थर्ड पार्टी द्वारा गुणवत्ता लेखा परीक्षा ।
  - रेलवे ट्रैक के पास स्थित संरचनाओं (प्राचीन स्मारकों) पर कंपन के प्रभाव पर अध्ययन किया गया तथा उत्तर मध्य रेलवे के लिए चांदीपुर, झांसी में उपचारात्मक उपाय सुझाए गए ।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - उत्तराखंड के चंपावत में श्री रीठा साहिब गुरुद्वारा में स्टीम जनरेटर में पाइन नीडल ब्रिकेट्स फायरिंग संबंदी क्षेत्र परीक्षण अध्ययन किया गया ।
  - मेसर्स लुब्रिकेम, नई दिल्ली के लिए स्नेहक नमूनों का परीक्षण और मूल्यांकन किया गया ।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), दिल्ली के लिए गंगा और यमुना नदी के मुख्य पाइप वाले राज्यों में संचालित सकल प्रदूषित उद्योग (जीपीआई) 2025 का वार्षिक निरीक्षण किया ।
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - उरली देवाची-पुणे में विरासत अपशिष्ट नमूनों की तकनीकी लेखा परीक्षा एवं अभिलक्षणन
  - सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की 17 खदानों की ईसी अनुपालन लेखापरीक्षा
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - उपग्रह लिंक का उपयोग करते हुए इसरो के लिए आईएसटी (आर) के लिए निरंतर ट्रेसबिलिटी प्रदान की ।
  - मेसर्स एनवायरनमेंटल सिस्टम्स प्रोडक्ट्स इंडिया, मुंबई के लिए दूरस्थ वाहन प्रदूषण मापक डिवाइस (आरएसडी) के माप परिणामों में सटीकता और स्थिरता का सत्यापन ।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**

- ○ शेक टेबल का उपयोग करते हुए 20 केवीए के 1यूपीएस का भूकंपीय परीक्षण - मेसर्स केलट्रॉन, उपकरण परिसर, तिरुवनंतपुरम

**आउटरीच गतिविधियाँ**

- **सीएसआईआर-4पीआई**
  - 13-14/05/2025 के दौरान आंधी-तूफान के निर्माण, बिजली के प्रकार, उनके प्रभाव और सुरक्षा उपायों पर यूट्यूब वेबिनार श्रृंखला आयोजित की ।
  - 13-16/05/2025 के दौरान छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन विज्ञान कार्यशाला आयोजित की; इसमें 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-एएमपीआरआई**
  - दिनांक 07/05/2025 को भोपाल के मैनिट में वैज्ञानिक छात्र संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया; इसमें 85 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - दिनांक 14/05/2025 को रुड़की के बाल विद्या मंदिर स्कूल के लिए लैब विजिट किया; इसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - तेलंगाना के शिक्षकों के लिए कार्यशाला आयोजित की; इसमें 96 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - दिनांक 08/05/2025 और 23/05/2025 को बक्शी का तालाब, लखनऊ और रसूलपुर, जानकीपुरम एक्सटेंशन, लखनऊ में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम (सीएसआईआर 800) आयोजित किया; इसमें क्रमशः 220 और 285 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 14/05/2025 को विवेक कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, बिजनौर, उत्तर प्रदेश के लिए छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया; इसमें 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए
    - 05-09/05/2025 के दौरान भवनों के निर्माण में संक्षारण सुरक्षा संबंधी प्रौद्योगिकियों पर; इसमें 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
    - 19-23/05/2025 के दौरान हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग तकनीकों के मूलतत्त्व और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उनके अनुप्रयोग पर; इसमें 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - 16-30/05/2025 के दौरान संग्रहित खाद्य वस्तुओं के लिए धूमन, प्रोफिलैक्सिस और कीट प्रबंधन तकनीकों पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए; इनमें 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए
    - 16-30/05/2025 के दौरान उन्नत वाद्य तकनीकों का उपयोग करते हुए सिरेमिक मेम्ब्रेन आधारित प्रौद्योगिकी, जल और अपशिष्ट जल विश्लेषण पर; इसमें 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
    - 21-23/05/2025 के दौरान कांच और सिरेमिक सामग्री के रासायनिक अभिलक्षणन के लिए उपकरण विधियाँ और परीक्षण तथा अशांकन तकनीक पर; इसमें 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएपी**
  - दिनांक 21/05/2025 को बुंदेलखंड के ताल बेहट तावन में अगरबत्ती और सुगंधित शंकु बनाने के लिए चढ़ाए गए फूलों के उपयोग पर एक कार्यशाला आयोजित की; इसमें 135 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - दिनांक 07/05/2025 को केवी छात्रों के लिए वैज्ञानिक छात्र संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।
  - 23/04/2025-02/05/2025 के दौरान "एकीकृत नगरपालिका ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली" पर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

- दिनांक 16/05/2025 को दुर्गापुर में सनाका एजुकेशनल ट्रस्ट के इंस्टीट्यूशंस ग्रुप के लिए अंडरवाटर रोबोटिक्स और ऑटोनॉमस सिस्टम लैब विजिट किया गया।

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - 13-28/05/2025 के दौरान सड़क सुरक्षा लेखा परीक्षा और अन्य सड़क संबंधी पहलुओं पर प्रमाणन संबंधी पाठ्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 63 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
  - सौपिंस स्कूल, चंडीगढ़ के लिए दिनांक 06/05/2025 को प्रयोगशाला भ्रमण का आयोजन किया गया; इसमें 136 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 14/05/2025 को जनजातीय गौरव वर्ष मनाया गया।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - दिनांक 17/05/2025 को गुजरात गर्ल्स बीएन एनसीसी कैडेट्स गुजरात के लिए वैज्ञानिक छात्र संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - दिनांक 16/05/2025 को क्रेयॉन्स वर्ल्ड स्कूल, बैजनाथ के लिए लैब विजिट किया; इसमें 157 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 24/05/2025 को कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल, पालमपुर के लिए वैज्ञानिक छात्र संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 128 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
  - दिनांक 06/05/2025 को के.एन. मेमोरियल अकादमी और पंचबती हायर सेकेंडरी स्कूल, शेल्पू, दार्जिलिंग के लिए लैब विजिट किया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - दिनांक 09/05/2025 को वैज्ञानिक छात्र संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - 05-16/05/2025 के दौरान उन्नत बायोकैटेलिसिस और बायोट्रांसफॉर्मेशन पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - 19-23/05/2025 के दौरान बिटुमेन और बिटुमिनस बाइंडर्स: गुण और परीक्षण विधियाँ पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया; 05 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - दिनांक 20/05/2025 को राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव (आरबीएसएम), राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव मनाया गया।
- **सीएसआईआर-इम्टेक**
  - दिनांक 30/04/2025 को लर्निंग पाथ स्कूल, मोहाली के लिए लैब विजिट किया गया; इसमें 69 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 26/05/25 को एचपीएलसी, एलसी-एमएस पर व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया; इसमें 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - शोध प्रबंध कार्यक्रम-2025 (जारी) आयोजित किया गया; इसमें 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2025 पर स्कूलों के लिए लैब विजिट किया गया; इसमें 1070 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
  - बाल्या भवन, जोरहाट में अपशिष्ट या कम लागत वाली सामग्री से मूल्य पर व्यावहारिक विज्ञान मॉडल कार्यशाला आयोजित की गयी; इसमें 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - निम्न के लिए लैब विजिट किए गए
    - दिनांक 20/05/2025 को यूरेका विज्ञान केंद्र, महाराष्ट्र और कर्नाटक विश्वविद्यालय के लिए।

- दिनांक 30/05/2025 को नूरल इस्लाम उच्च शिक्षा केंद्र ।
- 13-16/05/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए एक दिन का वैज्ञानिक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - दिनांक 09/05/2025 को सेंट मैरी स्कूल, नई दिल्ली और पीजीडीएवी स्कूल, पटेल नगर, नई दिल्ली के लिए लैब विजिट किए गए; इसमें 177 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 23/05/2025 को शोर जागरूकता दिवस मनाया गया; इसमें 430 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - 21/04/2025-03/05/2025 और 05-17/05/2025 के दौरान एनटीपीसी सिविल कार्यकारी प्रशिक्षुओं के लिए लघु अवधि का पाठ्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 74 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - दिनांक 09/05/2025 को सेंट मैरी स्कूल और पीजीडीएवी स्कूल, पटेल नगर, नई दिल्ली हेतु प्रयोगशाला दौरे का आयोजन किया गया ; इसमें कुल 177 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 23/05/2025 को ध्वनि जागरूकता दिवस मनाया गया; इसमें कुल 430 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - दिनांक 21/04/2025-03/05/2025 और दिनांक 05-17/05/2025 की अवधि के दौरान एनटीपीसी सिविल कार्यकारी प्रशिक्षुओं के लिए लघु अवधि पाठ्यक्रम आयोजित किया गया ; इसमें कुल 74 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

**सम्मेलन, कार्यशालाएं, प्रमुख कार्यक्रम**

- **सीएसआईआर-मुख्यालय**
  - सीएसआईआर ने अपनी सभी संस्थाओं के साथ दिनांक 01-15/05/2025 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया ।
  - सीएसआईआर ने दिनांक 24-26/05/2025 के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महमदा, समस्तीपुर, बिहार में विज्ञान एवं तकनीक 2025 पर आधारित राष्ट्रीय विज्ञान और विकास द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में भाग लिया ।
- **आर-4पीआई**
  - दिनांक 13/05/2025 को प्रोफेसर जीयू कुलकर्णी**,** अध्यक्ष**,** जेएनसीएएसआर, बेंगलुरु के सहयोग से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर " टुवर्ड्स जीरो एनर्जी बिल्डिंग्स : स्मार्ट विंडोज़" विषयक वार्ता का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-एएमपीआरआई**
  - दिनांक 14/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस और 45वें सीएसआईआर-एएमपीआरआई स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. जी. सतीश रेड्डी, पूर्व अध्यक्ष, डीआरडीओ और रक्षा मंत्री, भारत सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार; अध्यक्ष, शासी निकाय, वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए); द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - दिनांक 13/05/2025 को **"**रुइंस टू रेसिलिएंस **:** लेसंस फ्रॉम 2015 नेपाल अर्थक्वेक फॉर रिबिल्डिंग पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर **"** विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया ।
  - दिनांक 13/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह मनाया गया ।
- **सीएसआईआर- सीडीआरआई**
  - दिनांक 13/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया **।**
  - दिनांक 15/05/2025 को विश्व आईपी दिवस 2025 मनाया गया ।
- **सीएसआईआर- सीईसीआरआई**
  - दिनांक 20/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में "रैपिडली चेंजिंग फेस ऑफ़ आर्गेनिक केमिस्ट्री एंड केमिकल मैन्युफैक्चरिंग: अ न्यू पैराडाइम वाया कंटीनुअस प्रॉसेस इंटेंसीफिकेशन" विषय पर प्रोफेसर अनिल कुमार, रसायन विज्ञान विभाग, आईआईटी बॉम्बे द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया ।

- दिनांक 26/05/2025 को विश्व आईपी दिवस 2025 मनाया गया।
- दिनांक 14-16 मई, 2025 के दौरान कोडिस्सिया**,** कोयंबटूर में आयोजित व्यापार मेले सब्कोन 2025 में भाग लिया ।

- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - दिनांक 11/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया ।
  - दिनांक 28/05/2025 को विश्व आईपी दिवस 2025 मनाया गया ।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
  - दिनांक 13/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस-2025 मनाया गया; इसमें कुल 360 प्रतिभागियों ने भाग लिया **।**
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - दिनांक 02/05/2025 को डॉ. टी. रामासामी, पूर्व सचिव, डीएसटी, भारत सरकार द्वारा जीटी मेमोरियल व्याख्यान का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-** सीएमईआरआई
  - दिनांक 29/05/2025 को सीएसआईआर-सीआईएमएपी लखनऊ में ई-ट्रैक्टर और ई-टिलर की प्रदर्शनी आयोजित की गयी **।**
  - दिनांक 14/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया ।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - दिनांक 28/05/2025 को विश्व आईपी दिवस 2025 मनाया गया ।
- **सीएसआईआर-** सीएसआईओ
  - दिनांक 28/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाएगा ।
  - दिनांक 29/05/2025 को राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा महोत्सव-2025 मनाने हेतु आईपीआर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
  - दिनांक 08-09/05/2025 के दौरान स्थिरता के लिए योगात्मक विनिर्माण पर संगोष्ठी एवं कार्यशाला-एएसएमई मैकेनिकल इंजीनियरिंग एजुकेशन (एमईईडी) सम्मेलन का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - दिनांक 14/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस - 2025 के उपलक्ष्य में प्रोफेसर अनिल कुमार, रसायन विज्ञान विभाग, आईआईटी बॉम्बे द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर- आईएचबीटी**
  - दिनांक 21/05/2025 को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया गया ।
  - दिनांक 15/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
  - दिनांक 21-22/05/2025 के दौरान राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव के उपलक्ष्य में इनोवेशन एंड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
  - महिला सशक्तिकरण शक्ति शोध सेतु पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - दिनांक 26-28/05/2025 के दौरान राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव (आरबीएसएम) - 2025 मनाया गया ।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - दिनांक 14/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया ।
  - दिनांक 29/05/2025 के दौरान राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव (आरबीएसएम) - 2025 मनाया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - दिनांक 05/05/2025 को खाद्य योजक सुरक्षा और विषाक्तता (सीउ फ़ास्ट) पर पणधारी सहभागिता कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-आईएमएमटी**
  - दिनांक 19/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया ।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - दिनांक 13/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया ।

    - दिनांक 30/05/2025 को डॉ बी आर अंबेडकर जयंती मनाई गयी ।
- **सीएसआईआर- एनबीआरआई**
    - दिनांक 16/05/2025 को इंटरप्रेन्योर कनेक्ट का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-नीरी**
    - दिनांक 27/05/2025 को एनर्जी डायलॉग्स: क्लीन, वाएबल, इंक्लूसिव पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - दिनांक 26/05/2025 को राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव 2025 मनाया गया ।
    - दिनांक 13/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2025 मनाया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - मई माह 2025 में एवोकैडो स्टेकहोल्डर्स की बैठक आयोजित की गयी ।
    - दिनांक 14/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2025 मनाया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईओ**
    - दिनांक 20-21/05/2025 के दौरान मुंबई में स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
    - दिनांक 09/05/2025 को स्वच्छता जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 26/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस, विश्व मेट्रोलॉजी दिवस और विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया गया।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
    - दिनांक 27/05/2025 को महत्वपूर्ण अवसंरचना की मॉनिटरिंग, मूल्यांकन और पूर्वानुमानित रखरखाव (आई-एमएपी) पर सम्मेलन आयोजित किया गया।

**उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- **सीएसआईआर- एएमपीआरआई**
    - डॉ. जी. सतीश रेड्डी, पूर्व अध्यक्ष, डीआरडीओ और रक्षा मंत्री, भारत सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार; अध्यक्ष, शासी निकाय, वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) ने दिनांक 14/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में दौरा किया।
- **सीएसआईआर- सीएमईआरआई**
    - श्री दिनेश प्रताप सिंह, माननीय उद्यान मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार दिनांक 29/05/2025 ने संस्थान का दौरा किया ।
- **सीएसआईआर- आईजीआईबी**
    - नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. पॉल नर्स ने दिनांक 26/05/2025 को संस्थान का दौरा किया।
- **सीएसआईआर- आईएचबीटी**
    - माननीय केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी ने दिनांक 24-26/05/2025 के दौरान संस्थान का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - प्रो. देवेंद्र जलिहाल, निदेशक, आईआईटी गुवाहाटी द्वारा संस्थान का दौरा किया गया।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
    - डॉ. शैलेश नायक, निदेशक, राष्ट्रीय उन्नत अध्ययन संस्थान ने दिनांक 23/05/2025 को संस्थान का दौरा किया।
- **सीएसआईआर- एनआईआईएसटी**
    - पद्म भूषण, डॉ. वी के सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग और पूर्व महानिदेशक, डीआरडीओ, दिनांक 14/05/2025 को "राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस" के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान आए।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
    - डॉ. अजय चौधरी (एचसीएल के सह-संस्थापक और अध्यक्ष, मिशन गवर्निंग बोर्ड, राष्ट्रीय क्वांटम मिशन), प्रो. वी. कामकोटि (निदेशक, आईआईटी मद्रास) और प्रो. एमएसआर राव (आईआईटी मद्रास) ने दिनांक

06/05/2025 को 'क्वांटम प्रौद्योगिकियों, माप और मानकीकरण के लिए स्वदेशी दृष्टिकोण' पर एक बैठक हेतु संस्थान का दौरा किया ।
    - डॉ. विक्टोरिया कोलमैन (एनएमआई ऑस्ट्रेलिया) और डॉ. अरविंद कुमार मिश्रा (निदेशक, सीएसआईआर-सीआईएमएफईआर) ने दिनांक 26/05/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस, विश्व मेट्रोलॉजी दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस एवं विश्व बौद्धिक संपदा दिवस समारोह हेतु संस्थान का दौरा किया ।

**सम्मान/पुरस्कार**

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - डॉ.ए.के. सिन्हा, मुख्य वैज्ञानिक और श्री सतीश पांडे, प्रधान वैज्ञानिक को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पथचिंतन हैकथॉन पुरस्कार प्राप्त हुआ ।
    - डॉ. पद्मा, डॉ. पार्वती, डॉ. नवीत और डॉ. भरत को दिनांक 11/04/2025 को सड़क और अवसंरचना विकास में उत्कृष्टता के लिए सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार 2025 प्राप्त हुआ ।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - मुख्य वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार को हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार-2022 प्राप्त हुआ ।
    - प्रोफेसर वैभव ए. मंत्री, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक और विभागाध्यक्ष, एप्लाइड फाइकोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी को स्प्रिंगर नेचर पब्लिकेशन द्वारा एडिटर ऑफ डिस्टिंक्शन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - डॉ. सूर्य प्रकाश सिंह, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक को आईएनएसए विशिष्ट व्याख्यान फेलोशिप (2025) से सम्मानित किया गया ।
- **सीएसआईआर-इमटैक**
    - डॉ. अमित तुली, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक को आईएनएसए एसोसिएट फेलोशिप 2025 से सम्मानित किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - डॉ. दीपन्विता बानिक, प्रधान वैज्ञानिक को इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ प्लांट टैक्सोनॉमी (आईएपीटी), ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया) और वाशिंगटन डीसी (यूएसए) से "रेस्टोरेशन एंड डिजिटाइजेशन ऑफ़ हाफ-सेंचुरी-ओल्ड प्लांट स्पेसिमेन रिपॉजिटरी फ्रॉम असम,नार्थ ईस्ट इंडिया" के लिए लघु संग्रह अनुदान पुरस्कार मिला ।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
    - मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एम. राममोहन को राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार प्राप्त हुआ ।
- **सीएसआईआर- एनआईओ**
    - मुख्य वैज्ञानिक डॉ. वीवीएसएस सरमा को राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया ।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
    - डॉ. मोहित वर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, को आईएनएसए यंग एसोसिएट (2025) के रूप में चयनित किया गया।

**<u>विभागीय गतिविधियाँ</u>**

डीएसआईआर, कॉर्पोरेट कंपनियों, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (एसआईआरओ) द्वारा स्थापित इन-हाउस आरएंडडी इकाइयों को मान्यता देने और अस्पतालों के अलावा विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएससी, क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज (आरईसी) जैसे सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थानों को पंजीकरण देने वाला एक नोडल विभाग है। डीएसआईआर द्वारा मान्यता प्राप्त आरएंडडी इकाइयां उद्योग द्वारा आरएंडडी व्यय पर सीमा शुल्क और भारित कर कटौती के लिए पात्र हैं।

**<u>औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम (आईआरडीपीपी)</u>**

**उद्योग में इन-हाउस आरएंडडी की मान्यता/पंजीकरण और नवीनीकरण**

- उद्योगों की 18 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता एवं पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

- उद्योगों की 71 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता नवीकरण और पंजीकरण प्रमाणपत्रों का नवीकरण प्रदान किया गया।

**वैज्ञानिक और औद्योगिक संगठन (एसआईआरओ)**

- 7 एसआईआरओ को मान्यता प्रदान की गई तथा 4 एसआईआरओ को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।
- 192 एसआईआरओ को मान्यता का नवीकरण प्रदान किया गया तथा 115 एसआईआरओ को पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण प्रदान किया गया।

**सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआई)**

- 6 पीएफआरआई को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा 5 पीएफआरआई को पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण प्रदान किया गया।

**आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन**

- उद्योगों की 2 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मंजूरी दी गई फॉर्म 3सीएम में अनुमोदन और 6 इन-हाउस आरएंडडी इकाइयों को आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत अनुमोदन का विस्तार प्रदान किया गया।
- आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत कर लाभ के लिए 49.58 करोड़ रुपये के अनुसंधान एवं विकास व्यय को प्रमाणित करने वाली फॉर्म 3सीएल में 9 रिपोर्टें हैं।

**डीएसआईआर केंद्रीय क्षेत्र योजना 'औद्योगिक अनुसंधान और विकास (आईआरडी)'** में चार उप-योजनाएं अर्थात (i) व्यक्तियों, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई (पीआरआईएसएम) में नवाचारों को बढ़ावा देना, जिसमें स्वतंत्र नवप्रवर्तकों को नवीन विचारों को प्रदर्शन योग्य कार्यशील मॉडल/प्रोटोटाइप/प्रक्रियाओं में परिवर्तित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जो नए या बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं या सेवाओं का रूप ले सकते हैं; और उन्हें इनक्यूबेटी /टेक्नो-उद्यमी बनने में सहायता प्रदान की जाएगी , (ii) पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पीएसीई), जिसमें नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रदर्शन के लिए उद्योगों और संस्थानों को सहायता प्रदान की जाएगी, (iii) औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और सामान्य अनुसंधान सुविधाएं (बर्ड) का निर्माण, जिसमें उद्यमियों और उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्रों (सीआरटीडीएच) के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और (iv) प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए एक्सेस टु नॉलेज (ए2के+) जिसमें औद्योगिक अनुसंधान के उभरते क्षेत्रों में अध्ययन और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, इसके अलावा महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) शुरू किया जाना**,** शामिल हैं**।**

**व्यक्तियों, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई में नवाचारों को बढ़ावा देना (प्रिज्म):**

- एक नई नवाचार परियोजना "मानवरहित वाहनों के अनुप्रयोगों के लिए आरएफ आधारित वास्तविक समय दृश्यता वृद्धि" को पुरस्कृत किया गया।
- माह के दौरान पांच परियोजनाओं की समीक्षा की गई:
- दृष्टिबाधित एवं दृष्टिबाधित लोगों के लिए वास्तविक समय भाषण निर्देशित नेविगेशन के साथ विश्व का पहला पहनने योग्य सहायक उपकरण स्मार्ट वेस्ट का विकास।
- औद्योगिक अनुप्रयोग के लिए नवीन एवं अभिनव हाइब्रिड बॉल बर्निशिंग असिस्टेड 3-एक्सिस वायर आर्क एडिटिव मशीन का डिजाइन एवं विकास
- बहुउपयोगी स्मार्ट नेत्र देखभाल निदान समाधान का विकास
- इलेक्ट्रिक वाहन अनुप्रयोग के लिए स्विच्ड रिलक्टेंस मोटर का विकास
- पादप आधारित प्रोटीन स्वस्थ मिश्रण का विकास

**सीआरटीडीएच स्कीम:**

माह के दौरान दो परियोजनाओं की समीक्षा की गई:

- सीआरटीडीएच परियोजना ने किफायती स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) को सहायता प्रदान किया ।
- सीआरटीडीएच परियोजना ने नई सामग्री और रासायनिक प्रक्रियाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय औषधि विज्ञान शिक्षा संस्थान (एनआईपीईआर) को सहायता प्रदान किया ।

**ए2के+ अध्ययन:**

चल रहे तीन अध्ययनों की समीक्षा की गई:

- उद्योग में विकसित पेयजल शुद्धिकरण के लिए टीआरएल-6 और उससे ऊपर की प्रौद्योगिकियों के तकनीकी-व्यावसायिक मूल्यांकन पर अध्ययन के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ जल केंद्र (आईसीसीडब्ल्यू), आईआईटी मद्रास रिसर्च पार्क, तारामणि चेन्नई को सम्मानित किया गया ।
- वास्तविक समय चालक व्यवहार पहचान के लिए एआई और एमएल को एकीकृत करना " पर अध्ययन के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की को सम्मानित किया गया।
- स्मार्ट मोबिलिटी और परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र में एआई और एमएल आधारित प्रौद्योगिकियों का दायरा " पर अध्ययन के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की को सम्मानित किया गया।

**महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम - टीडीयूपीडब्ल्यू/ए2के:**

माह के दौरान दो चालू परियोजनाओं की समीक्षा की गई:

- "पश्चिम यूपी की सीमांत किसान महिलाओं को फिंगर मिलेट (रागी, एलेउसीन कोराकाना) और काले गेहूं (ट्रिटिकम ऐस्टिवम) की खेती से मूल्य वर्धित उत्पादों के छोटे पैमाने के उद्यम विकास के माध्यम से सशक्त बनाना और कृषि तकनीकों पर श्रम कम करने वाली ट्रेनिंग" नामक परियोजना को एएमआईटीवाई, नोएडा द्वारा सहायता प्रदान किया गया।
- “पूर्वोत्तर भारत का पारंपरिक किण्वित भोजन - हवाईजर बनाने के लिए मशीनीकृत प्रणाली” नामक परियोजना को आईसीएआर-केंद्रीय कटाई उपरांत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीएचईटी), लुधियाना द्वारा सहायता प्रदान किया गया।

मई, 2025 के महीने के दौरान लगभग 220 महिला लाभार्थियों को डीएसआईआर के आईआरडी कार्यक्रम की टीडीयूपीडब्ल्यू/ए2के + उप-योजना के तहत समर्थित विभिन्न चल रही परियोजनाओं के तहत रेशम उत्पादन, जलीय कृषि, खाद्य सुदृढ़ीकरण और प्रसंस्करण, खाने के लिए तैयार भोजन की तैयारी और पैकेजिंग, कागज रीसाइक्लिंग, हस्तशिल्प/हथकरघा, कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया गया।

**एशियाई एवं प्रशांत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र (एपीसीटीटी):**

- 21 से 25 अप्रैल, 2025 तक आयोजित एशिया और प्रशांत के लिए आर्थिक और सामाजिक आयोग के 81वें सत्र पर भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के माध्यम से यूएन-ईएससीएपी से प्राप्त प्रस्तावों की जांच की।
- डीएसआईआर ने यूएन-एस्कैप द्वारा नियुक्त परामर्शदाता द्वारा तैयार डिजिटल समाधान केंद्र की अंतिम व्यवहार्यता रिपोर्ट की जांच की।
- डीएसआईआर टीम अगस्त 2025 के दौरान "प्रौद्योगिकी और नवाचार कॉन्क्लेव 2.0" के आयोजन के लिए उपलब्ध सुविधाओं और आवश्यक सुविधाओं की देखरेख के लिए 22 मई 2025 को सीएसआईआर इनोवेशन कॉम्प्लेक्स, मुंबई का दौरा किया।

**<u>सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम</u>**

**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

सीईएल, डीएसआईआर के तहत एक उद्यम है जिसका उद्देश्य देश के राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का व्यावसायिक उपयोग करना है। सीईएल ने अपने अनुसंधान और विकास प्रयासों के माध्यम से कई उत्पाद विकसित किए हैं और सौर फोटोवोल्टाइक सिस्टम, रेलवे के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/घटक के क्षेत्र में अपनी प्रमुख भूमिका पर जोर देता है।

- कंपनी ने माह के दौरान 1114.27 लाख रुपए मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक घटक/प्रणालियां/एसपीवी उत्पाद निर्मित किए।
- माह के दौरान 1309.28 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक घटकों/प्रणालियों/एसपीवी उत्पादों की बिक्री हुई।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

निगम ने अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, विश्वविद्यालयों तथा उद्योग के साथ दीर्घकालिक संबंधों को विकसित करके प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और सुदृढ़ बनाने पर जोर देना जारी रखा।

- व्यावसायीकरण के लिए मेसर्स सौभाग्य बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड को "कार्बन क्वांटम डॉट्स प्रौद्योगिकी" का लाइसेंस दिया ।
- निगम ने प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग और आईपीआर सहायता प्रदान करने के लिए एनआईटी, पटना और जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- निगम ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित विज्ञान सचिव समिति की बैठक में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सभी विज्ञान विभागों के लिए प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण के एनआरडीसी के नए अधिदेश का प्रस्ताव रखा।

*****